Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to open bank branches in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं दक्षिण राजस्थान के उदयपुर से आता हूं। मैं वहां रहने वाले लोगों के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखा खोले जाने के मुद्दे को उठाना चाहता हूं।

उदयपुर जिला पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उदयपुर जिले में 19 लोक पंचायत समितियां, 544 ग्राम पंचायत हैं और संभाग मुख्यालय हैं। टीएसपी क्षेत्र घोषित है, शैड्यूल 5 में आता है। इस जिले की लगभग 33 लाख जनसंख्या है। यहां राष्टीयकृत बैंकों की 182 शाखाएं हैं जो कि जनसंख्या के हिसाब से कम पड़ती हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि पाटिया, कनबई खैरवाड़ा ब्लॉक, मसारो की ओबरी, मुंगाड़ा और दरियावर ब्लॉक और सुदूर गांव कोटड़ा और गोगूंदा में ब्रांच खोली जाए।

HON. SPEAKER:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Arjun Lal Meena.